उत्तर प्रदेश शासन

पर्यटन अनुभाग

संख्याः-134/2020/1214/41-2020-02सा0/12

लखनऊ , दिनांक 05 जून,2020

<u>कार्यालय-आदेश</u>

<u>नियुक्ति/विज्ञप्ति</u>

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी/प्रचार अधिकारी के पद के लिये दिनांक-14-10-2019 को सम्पन्न साक्षात्कार के आधार पर उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग, प्रयागराज के पत्रांक-262/04/डी0आर0/एस-9/2016-17 दिनांक-16-11-2019 के माध्यम से क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी /प्रचार अधिकारी के पद पर नियुक्ति हेतु उपलब्ध करायी गई संस्तुति के क्रम में अन्य पिछड़ा वर्ग की अभ्यर्थी सुश्री अपराजिता सिंह (अनुक्रमांक-53100350649) की पर्यटन विभाग, उ0प्र0 में क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी/प्रचार अधिकारी के पद पर वेतनमान वेतन बैण्ड-3-15600-39100 ग्रेड वेतन- 5400/- में इस शर्त के साथ नियुक्ति की जाती है कि उनकी सेवायें समय-समय पर संशोधित उत्तर प्रदेश पर्यटन सेवा नियमावली, 1980 के प्राविधानों से शासित होगी तथा ऐसी अन्य समस्त सेवा शर्तें भी लागू होगी जो समय-समय पर शासन द्वारा निर्धारित की जाय।

2- इस आदेश की प्राप्ति पर सुश्री अपराजिता सिंह द्वारा निम्नलिखित सूचनायें/अभिलेख प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित हैः-

(1) अपने कर्जदार न होने की घोषणा।

(2) समस्त चल एवं अचल सम्पत्ति जो अभ्यर्थी के स्वामित्व में हों, से सम्बन्धित घोषणा।

(3) अविवाहित/विवाहित (विवाहित होने की दशा में एक से अधिक पत्नी/पति न होने की घोषणा)।

3- सुश्री अपराजिता सिंह को सूचित किया जाता है कि इस आदेश की प्राप्ति के 15 दिन के अन्दर महानिदेशक, पर्यटन के समक्ष उनके गोमतीनगर स्थित कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करें। यदि उनके द्वारा निर्धारित अवधि में अपनी योगदान आख्या नहीं प्रस्तुत की जाती है तो यह समझ लिया जायेगा कि वे उपर्युक्त नियुक्ति के इच्छुक नहीं है और उनका अभ्यर्थन निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी।

4- महानिदेशक, पर्यटन द्वारा सुश्री अपराजिता सिंह, को **<u>एक माह के लिये</u>** महानिदेशक, पर्यटन (मुख्यालय) लखनऊ में सम्बद्ध कर प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा।

5- उपर्युक्त नियुक्ति के परिप्रेक्ष्य में उपलब्ध करायी गई समस्त सूचनाओं /अभिलेखों के लिये संबंधित अभ्यर्थी ही पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगा।

जितेन्द्र कुमार

प्रमुख सचिव।

<u>संख्याः 134/2020/1214/41-2020-02 सा0/2012 ,तददिनांक</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकार, उ0प्र0 , प्रयागराज।

2- महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0, लखनऊ को इस अनुरोध सहित प्रेषित कि कृपया संदर्भगत अभ्यर्थी की योगदान आख्या की सूचना सहित तैनाती का प्रस्ताव उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

3- वित्त नियंत्रक, कार्यालय महानिदेशक, पर्यटन, उ0प्र0, लखनऊ।

4- उप सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, प्रयागराज।

5- सुश्री अपराजिता सिंह, पुत्री-स्व0 शिव बहादुर सिंह,

स्थायी पता-ग्राम बैजपुर,पोस्ट करमपुर, तहसील-भीटी, थाना-अहिरौली, जिला-अम्बेडकरनगर।

वर्तमान पताः-230-ए, सर्वोदयनगर, अल्लापुर, प्रयागराज-211006

6- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(ए0पी0सिंह)

संयुक्त सचिव